पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com

क्रमांकः– 6810 दिनांकः 27/01/2024.

सेमेस्टर – I
आवश्यक सूचना

1. समस्त केन्द्राधिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने परीक्षा केन्द्र पर प्रश्न पत्र प्राप्त होते ही यह सुनिश्चित कर लेवें कि उनकों प्राप्त प्रश्न पत्रों की संख्या आवंटित परीक्षार्थियों के अनुसार ही है तथा मात्रा भी पर्याप्त है। इस वर्ष सेमेस्टर प्रथम की परीक्षा बहुविकल्पिय प्रश्न प्रणाली से होना सुनिश्चित है अतः प्रश्न बुकलेट मे पृष्ठों की संख्या अधिक होने के कारण उसी क्षण (On the Spot) अतिरिक्त प्रश्न–पत्र बुकलेट्स की उपलब्धता करवाना संभव नहीं होगा।
2. परीक्षा का समय अपराह्न 02:30 बजे से 04:00 बजे तक निश्चित है अतः परीक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे परीक्षा परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे।
3. केन्द्राधिक्षकों को सूचित किया जाता है कि वे यह सुनिश्चित कर लेवें कि परीक्षा प्रारम्भ होने के समय (अपराह्न 02:30 बजें) तक ही परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी की प्रविष्टि हो सकें। 02:30 बजे पश्चात किसी भी स्थिति में प्रवेश संभव नहीं होगा।
4. परीक्षार्थी परीक्षा समाप्ति के पश्चात् प्रश्न पत्र बुकलेट तथा मूल OMR पत्रक वीक्षक को सुपुर्द्ध करके ही परीक्षा कक्ष को छोड़े। परीक्षार्थी अपने साथ OMR पत्रक की कार्बन प्रति अपने पास रख लेवें।
5. पर्यवेक्षक/परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लेवें की परीक्षार्थी को उपलब्ध प्रश्न–पत्र बुकलेट एवं OMR पत्रक के क्रमांक (Serial Number) एक समान हैं।
6. परीक्षार्थी यह सुनिश्चित करे कि वे अपने साथ परीक्षा–2024 हेतु विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्धारित प्रवेश पत्र एवं यथासंभव एक फोटोयुक्त पहचान/परिचय पत्र अवश्य साथ लेकर परीक्षा केन्द्र जावें।
7. परीक्षार्थी अपने साथ नीले या काले स्याही का बॉलपॉईन्ट पेन के अतिरिक्त कोई भी अन्य सामग्री परीक्षा कक्ष में साथ लेकर नहीं आये।
8. परीक्षार्थी प्रश्न पत्र बुकलेट के साथ संलग्न OMR पत्रक में उत्तर देने से पूर्व सभी प्रविष्टियों को ध्यान से भरे।
9. परीक्षा में किसी भी प्रकार की समस्या के लिए पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पलाईन नम्बरों से सर्म्पक कर सकते है।

परीक्षा नियंत्रक
दिनांकः 27/01/2024.

क्रमांकः 6811 - 6814

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. कुलपति सचिवालय।
2. कुलसचिव कार्यालय।
3. केन्द्राधिक्षक, समस्त परीक्षा केन्द्र एवं समस्त परीक्षार्थीगण।
4. लेखा शाखा।
5. विश्वविद्यालय वेबसाईट प्रभारी को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आदेश को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करावें।
6. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक